## न्यूज डायरी



### आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच नागोर्नो–काराबाख में जारी भीषण जंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** येरेवान/बाकू। रूस की मध्यस्थता के बाद भी मध्य एशियाई देशों आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच नागोर्नो–काराबाख में जारी भीषण जंग और तेज हो गई है। अजरबैजान की सेना के जोरदार हमले का सामना कर रहे आर्मीनिया ने जोरदार पलटवार करते हुए अजरबैजान के एक सुखोई–25 फाइटर जेट को मार गिराने का दावा किया है। उधर, अजरबैजान ने इस दावे का खंडन किया है। आर्मीनिया के रक्षा मंत्रालय की प्रवक्ता शुशान स्टीपैनियन ने सोमवार को कहा कि काराबाख की सेना ने अजरबैजान के एक सुखोई–25 फाइटर जेट को मार गिराया है। उन्होंने कहा, अजरबैजान की वायुसेना तुर्की के F–16 फाइटर जेट के पहरे में सुखोई–25 फाइटर जेट को सीमा पर इस्तेमाल कर रही है। काराबाख की एंटी एयर डिफेंस यूनिट ने उत्तरी–पूर्वी इलाके में दुश्मन के सुखोई–25 जेट को मार गिराया है।

### आर्कटिक पर नजर, नार्वे 18 साल बाद खोल रहा परमाणु ठिकाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रूस। दुनिया की दो महाशक्तियों रूस और अमेरिका के बीच विश्व का सबसे ठंडा स्थान आर्कटिक तनाव का केंद्र बनता जा रहा है। अमेरिका और नार्वे के कदमों से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी अलर्ट हो गए हैं। दरअसल, नार्वे ने आर्कटिक इलाके में कोल्ड वॉर के दौरान के परमाणु सबमरीन ठिकाने को फिर शुरू कर दिया है। नार्वे पर अमेरिका की ओर से दबाव था कि आर्कटिक इलाके में रूस की बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए इस ठिकाने को खोले। नार्वे के इस परमाणु ठिकाने पर अमेरिका की 3 सीवुल्फ्फ सबमरीन तैनात होंगी। अमेरिका और रूस दोनों की नजर अब आर्कटिक इलाके पर है। अमेरिका और रूस में बढ़ते तनाव के बीच अब नार्वे की सरकार ने ऐलान किया है कि वह देश के उत्तरी इलाके में स्थित परमाणु बेस ओलावसवेर्न को खोलने जा रहा है। यह परमाणु ठिकाना पिछले 18 साल से बंद पड़ा था।

### अमेरिकी बलों ने हेलमंद प्रांत में तालिबान को निशाना बनाकर किए हवाई हमले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लश्कर गाह। अमेरिकी बलों ने अफगानिस्तान के दक्षिणी हेलमंद प्रांत में तालिबान के हमले का शिकार हुए अफगानिस्तानी सुरक्षा बलों के समर्थन में कई हवाई हमले किए। अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना के प्रवक्ता कर्नल सोनी लेगेट ने बताया कि हेलमंद में तालिबान के हालिया हमले अमेरिका और तालिबान के समझौते के ''अनुरूप नहीं'' हैं और ये अंतर–अफगान शांति वार्ता को कमजोर करते हैं। समझौते पर फरवरी में हस्ताक्षर हुए थे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हवाई हमले फरवरी में हुए समझौते का उल्लंघन नहीं करते हैं। लेगेट ने अफगानिस्तान में अमेरिकी बलों के कमांडर जनरल स्कॉट मिलर के हवाले से कहा कि तालिबान को ''हेलमंद प्रांत में अपने आक्रामक कदमों और देशभर में अपनी हिंसात्मक गतिविधियों को तत्काल रोकने की आवश्यकता है''। उन्होंने कहा कि अमेरिकी बल तालिबान के हमले का शिकार हुए अफगानिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा बलों को समर्थन मुहैया कराते रहेंगे।

### 9 माह बाद भी कोविड–19 के बारे में बहुत कुछ नहीं जानता है डब्ल्यूएचओ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। कोविड–19 से पूरी दुनिया को जूझते हुए 9 माह बीत गए हैं। पूरी दुनिया में इसके अब तक 37,736,965 मामले सामने आ चुके हैं और 1,078,572 मरीजों की मौत भी हो चुकी है। वहीं 26,428,408 मरीज ठीक भी हुए हैं। लेकिन ठीक होने के कई महीनों बाद भी मरीजों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनको सांस लेने में दिक्कत हो रही है। कुछ मामलों में व्यक्ति को अधिक थकान हो रही है और कुछ दूसरी परेशानियां भी हो रही हैं। इस तरह के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टेड्रोस अधनम घेब्रेयसस का कहना है कि स्वास्थ्य जोखिमों के मद्देनजर कोविड–19 को बेकाबू नहीं होने दिया जा सकता है।

# इमरान खान पर बरसे पाकिस्तानी असंतुष्ट

**निशाना**

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को सेना की कठपुतली करार दिया



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। पाकिस्तान के पूर्व और मौजूदा सांसदों समेत प्रमुख असंतुष्टों ने देश के प्रधानमंत्री इमरान खान को सैन्य कठपुतली करार दिया है। उन्ह्होंने देश में स्थायित्व न होने, असुरक्षा और पड़ोसियों के साथ चलने की अक्षमता के लिये शक्तिशाली सेना को आरोपी ठहराया। पश्तून नेता और पूर्व सेनेटर अफरासियाब खटक ने 'साउथ एशियन अगेंस्ट टेररिज्म एंड फॉर ह्यूमन राइट्स' (एसएएटीएच) के पांचवें वार्षिक सम्मेलन में यहां तक दिया कि श्पाकिस्तान में अघोषित मार्शल लॉ लागू है।

एसएएटीएच लोकतंत्र समर्थक पाकिस्तानियों का एक समूह है जिसकी स्थापना अमेरिका में पाकिस्तान के पूर्व राजदूत हुसैन हक्कानी और अमेरिका स्थित स्तंभकार डॉ. मोहम्मद तकी ने की थी। एक बयान के मुताबिक पूर्व में एसएएटीएच के वार्षिक सम्मेलन लंदन और वाशिंगटन में हुए थे लेकिन इस बार सम्मेलन में प्रतिभागी डिजिटल तौर पर शामिल हुए। इसमें कहा गया कि प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री खान को एक सैन्य कठपुतली करार दिया।

समूह के सदस्यों में नेता, पत्रकार, ब्लॉगर, सोशल मीडिया कार्यकर्ता और नागरिक संस्थाओं से जुड़े लोग शामिल हैं। इनमें से कई विभिन्न देशों में निर्वासन में रहने को मजबूर हैं। बयान के मुताबिक पाकिस्तानी सुरक्षा सेवाओं ने पूर्व में एसएएटीएच की बैठकों को बाधित करने की कोशिश की और पाकिस्तान में रहने वाले उसके सदस्यों की विदेश यात्रा पर प्रतिबंध भी लगाया, लेकिन इस साल डिजिटल प्रारूप में होने वाली बैठक में देश में रह रहे कई प्रमुख असंतुष्ट चेहरों ने भी इसमें हिस्सा लिया।

पाकिस्तान से सम्मेलन को डिजिटल रूप से संबोधित करते हुए खटक ने कहा, यह पाकिस्तान में सबसे खतरनाक मार्शल लॉ है क्योंकि इसने संवैधानिक संस्थानों को अभद्र और विकृत किया है। उन्होंने कहा, मौजूदा सैन्य व्यवस्था देश के राजनीतिक संस्थानों को सीमित कर रही है और हालात यह हैं कि खुफिया एजेंसियां सांसदों को यह निर्देश दे रही हैं कि सत्र में कब शामिल होना है और कब मतदान नहीं करना है।

हक्कानी ने कहा कि प्रधानमंत्री खान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए हाल में उनपर और एसएएटीएच पर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने और स्वतंत्रता को दबाने की अपनी नीतियों की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी जमीन खो रहा है, न कि मानवाधिकारों के लिये आवाज उठाने वाले कार्यकर्ताओं की वजह से। सम्मेलन में कई वक्ताओं ने पाकिस्तान में विभिन्न अल्पसंख्यकों को दबाए जाने और अधिकारों से वंचित रखे जाने का मुद्दा भी उठाया।

## सितारे को कैसे निगलता चला गया ब्लैक होल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टेलिस्कोप में कैद अद्भुत खगोलीय घटना

लंदन। धरती से अंतरिक्ष पर गड़ीं नजरें कभी अद्भुत घटनाएं कैद कर लेती हैं। ऐसा ही कुछ टेलिस्कोप्स को दिखा। इन टेलिस्कोप्स ने एक मरते हुए सितारे से निकलती हुई रोशनी देखी। ये सितारा एक विशाल ब्लैक होल में समा रहा था। यह घटना धरती से 21.5 प्रकाशवर्ष दूर हुई है जिसे Tidal Disruption Event कहा जाता है। इसमें सितारा ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण से खिंचते चले जाते हैं।

नई स्टडी के लीड रिसर्चर मैट निकोल ने बताया, ब्लैक होल का किसी सितारे को खाना साइंस–फिक्शन जैसा लगता है लेकिन असल में एक TDE में ऐसा ही होता है।

रिसर्चर्स ने इस इवेंट को यूरोपियन सदर्न ऑब्जर्वेटरी के वेरी लार्ज टेलिस्कोप और न्यू टेक्नॉलजी टेलिस्कोप समते कई टेलिस्कोप्स की मदद से देखा। स्टडी में साथी रिसर्चर थॉमस वेवर्स ने कहा कि गैलेक्सी के केंद्र में घूम रहा सितारा ब्लैक होल के करीब पहुंचने के साथ उसकी ग्रैविटी से खिंचने लगता है और पतले हिस्सों में बंटने लगता है। इसे Spaghettification कहते हैं। अब से पहले इस इवेंट को देखना मुश्किल था क्योंकि जब कोई सितारा ब्लैक होले में समाता है तो उससे धूल जैसे मटीरियल निकलते हैं।



## चीन परमाणु सबमरीन की फौज बनाने में जुटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन ने ब्लू वॉटर नेवी बनने के लिए अपनी पूरी ताकत अब परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों पर लगा दी है। इसके लिए चीन ने परमाणु पनडुब्बी बनाने वाले अपने एकमात्र शिपयार्ड का व्यापक विस्तार कर रहा है। ऐतिहासिक रूप से चीनी नौसेना की परमाणु पनडुब्बी सीमित निर्माण क्षमता के कारण मुश्किलों का सामना कर रही थी लेकिन अब सैटलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि ड्रैगन ने इसे बढ़ाने के लिए अपनी कमर कस ली है। यूएसएनआई न्यूज के मुताबिक सैटलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि चीन अपने शिपयार्ड का बड़े पैमाने पर अतिरिक्त विस्तार कर रहा है। माना जा रहा है कि इस विस्ध्तार के काम के पूरा होने के बाद चीन बड़े पैमाने पर परमाणु पनडुब्बी बनाने लगेगा। चीन अगले 10 साल में परमाणु पनडुब्बी निर्माण के मामले में दुनियाभर में चर्चा का विषय बना रहेगा।

## तुर्की में मिले गीजा के पिरामिड से भी प्राचीन जीवन के निशान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्तांबुल। तुर्की में पुरातत्वविदों को 5 हजार साल पुराना एक ऐसा हिस्सा मिला है जिसका प्राचीन सभ्यता के दौरान शलिविंग एरियाश के तौर पर इस्तेमाल किया जाता होगा। खुदाई के दौरान यहां स्टोर करने का सेक्शन पाया गया जहां प्राचीन सेरेमिक के बने मटके और जग रखे गए थे। इस खोज के साथ ही इस बात के संकेत मिलने लगे है कि यहां जीवन लौह नहीं, कांस्य युग के दौरान ही बस चुका था।

**इसलिए है अहम खोजः** हुर्रियत डेली न्यूज के मुताबिक तुर्की के वॉन प्रांत में इस साइट पर प्राचीन जीवन के संकेत मिले हैं। पोर्टल



के मुताबिक 15 लोगों की टीम में मानव विज्ञानी, पुरातत्वविद और कला इतिहासकार शामिल थे। उन्हें आयरमीर माउंड में रिसर्च के दौरान शुरुआती कांस्य युग का शलिविंग स्पेसश मिला है। इस टीम के लीडर इरोल उस्लू का कहना है कि यूरार्शियन समय के अवशेष मिलना एक अहम खोज है।

उनका कहना है कि यहां कांस्य युग का सामान मिलने से यह पता लगता है कि न्तंतजपंदे से पहले भी जीवन था। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में स्टोरेज सेक्शन था। आयरमीर माउंड इसलिए भी खास माना जाता है क्योंकि यहीं से सभ्यता के उदय का दावा किया जाता है।

**आर्मीनिया के पूर्वजः** उरार्तू आर्मीनिया के हाइलैंड (आज अनातोलिया क्षेत्र) का राज्य हुआ करता था। लौह युग के दौरान इसका उदय हुआ और वॉन झील के पास सभ्यता बसने लगी। इस क्षेत्र के लोगों को आर्मानियाई लोगों का पूर्व कहा जाता है। माना जाता था कि इस क्षेत्र में सभ्यता की शुरुआत उरार्तू राज्य में ही हुई लेकिन अब ताजा खोज से संकेत मिले हैं कि उससे भी पहले यहां जीवन था।

## पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने पीएम इमरान खान को जारी किया नोटिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को प्रधानमंत्री इमरान खान को एक नोटिस जारी किया। इमरान को अपनी पार्टी के समर्थक वकीलों के एक राजनीतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए नोटिस जारी किया गया है, जिसके आयोजन में कथित तौर पर सार्वजनिक कोष का उपयोग किया गया। पाकिस्तान की सत्तारूढ़ तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी के लीगल विंग इंसाफ लायर्स फोरम का एक कार्यक्रम गत 9 अक्टूबर को इस्लामाबाद के जिन्ना कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया था, जिसे इमरान खान ने भी संबोधित किया था। कोर्ट ने कन्वेंशन सेंटर के इन्चार्ज को यह बताने का निर्देश दिया है कि कार्यक्रम के खर्चे का भुगतान किसने किया।

'डॉन न्यूज' की खबर के मुताबिक, पंजाब सरकार के खिलाफ एक मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस काजी फैज इसा ने कहा, प्रधानमंत्री पूरे देश से वोट लेते हैं। वह पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं, न कि किसी खास समूह के। वह सरकार के संसाधनों का दुरुपयोग क्यों कर रहे हैं।